**GREENLAWNS HIGH SCHOOL**
**FINAL EXAMINATION (2024 - 2025)**
**SUBJECT : HINDI (II Language)**

**Grade: IX** **Marks : 80**
**Date : 04/03/26** **Time : 3 hours**

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***
***You will not be allowed to write during the first 10 minutes.***
***This time is to be spent in reading the question paper .***
***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

***This paper comprises of two sections – Section A and Section B***
***Attempt all the questions from section A.***
***Attempt any four questions from section B, answering at least one question each from the two books you have studied and any two other questions.***
***The intended marks for the questions or parts of questions are given in brackets [ ].***

## SECTION 'A' (40 Marks)

***Attempt all questions***

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics :- [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए :-

(i) पर्यावरण क्या है ? वह कैसे दूषित हो जाता है ? पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए ? अपने विचार लिखिए ।

(ii) भारतवर्ष संसार का अद्वितीय देश है। उसकी उन विशेषताओं का वर्णन कीजिए जिसके कारण वह अद्वितीय है, साथ ही यह भी बताइए कि आपके सपनों का भारत कैसा होगा ।

(iii) मानव जीवन में हास्य का महत्त्वपूर्ण स्थान है। 'हँसो और हँसाते रहो' के सिद्धान्त से अनेक समस्याएँ स्वयं सुलझ जाती हैं- इस कथन को ध्यान में रखकर हँसने के लाभ पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(iv) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो :-

' सुनो सबकी, करो मन की । '

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।




**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below:

**निम्नलिखित** में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए : [7]

(i) किसी समाचार - पत्र के संपादक के नाम पत्र लिखिए जिसमें मतदान केंद्रों में हुई असुविधा के विषय में बताइए।

(ii) पढ़ाई के लिए लैपटॉप और इंटरनेट की उपयोगिता बताते हुए इसे खरीदने का अनुरोध करते हुए अपने पिता जी को पत्र लिखिए।

**Question 3**

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :-

**निम्नलिखित** गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए । उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए ।

वर्धमान नामक एक शहर में एक बहुत ही कुशल व्यापारी रहता था। राजा को उसकी क्षमताओं के बारे में पता था, और इसलिए उसने उसे राज्य का प्रशासक बना दिया। अपने कुशल तरीकों से उसने आम आदमी को भी खुश रखा था, और साथ ही दूसरी तरफ राजा को भी बहुत प्रभावित किया था।

कुछ दिनों बाद व्यापारी ने अपनी लड़की का विवाह तय किया। इस उपलक्ष्य में उसने एक बहुत बड़े भोज का आयोजन किया । इस भोज में उसने राज परिवार से लेकर प्रजा, सभी को आमंत्रित किया। भोज के दौरान उसने सभी को बहुत सम्मान दिया और सभी मेहमानों को आभूषण और उपहार दिए। राजघराने का एक सेवक, जो महल में झाड़ू लगाता था, वह भी इस भोज में शामिल हुआ, मगर गलती से वह एक ऐसी कुर्सी पर बैठ गया जो राज परिवार के लिए नियत थी। यह देखकर व्यापारी आग-बबूला हो गया और उसने सेवक की गर्दन पकड़ कर उसे भोज से धक्के दे कर बाहर निकलवा दिया। सेवक को बड़ी शर्मिंदगी महसूस हुई और उसने व्यापारी को सबक सिखाने की सोची।

कुछ दिनों बाद, एक बार सेवक राजा के कक्ष में झाड़ू लगा रहा था। उसने राजा को अर्धनिद्रा में देख कर बड़बड़ाना शुरू किया: “इस व्यापारी की यह मजाल की वह रानी के साथ दुर्व्यवहार करे। ” यह सुन कर रहा अपने बिस्तर से कूद पड़ा और उसने सेवक से पूछा, क्या यह वाकई में सच है? क्या तुमने व्यापारी को दुर्व्यवहार करते देखा है? सेवक ने तुरंत राजा के चरण पकडे और बोला: मुझे माफ़ कर दीजिये, मैं पूरी रात जुआ खेलता रहा और सो न सका। इसीलिए नींद में कुछ भी बड़बड़ा रहा हूँ।

राजा ने कुछ बोला तो नहीं, पर शक का बीज तो बोया जा चुका था। उसी दिन से राजा ने व्यापारी के महल में निरंकुश घूमने पर पाबंदी लगा दी और उसके अधिकार कम कर दिए।

अगले दिन जब व्यापारी महल में आया तो उसे संतरियों ने रोक दिया। यह देख कर व्यापारी बहुत आश्चर्य -चकित हुआ। तभी वहीँ खड़े सेवक ने मज़े लेते हुए कहा, ऐ संतरियों, जानते नहीं ये कौन हैं? ये बहुत प्रभावशाली व्यक्ति हैं और तुम्हें बाहर फिंकवा सकते हैं, जैसा इन्होने मेरे साथ अपने भोज में किया था। तनिक सावधान रहना। यह सुनते ही व्यापारी को सारा माजरा समझ में आ गया। कुछ दिनों के बाद उसने उस सेवक को अपने घर बुलाया, उसकी खूब आव-भगत की और उपहार भी दिए। फिर उसने बड़ी विनम्रता से भोज वाले दिन के लिए क्षमा मांगते हुआ कहा की उसने जो भी किया गलत किया।

सेवक खुश हो चुका था। उसने कहा की न केवल आपने मुझसे माफ़ी मांगी, पर मेरी इतनी आप-भगत भी की। आप चिंता न करें, मैं राजा से आपका खोया हुआ सम्मान वापस दिलाउंगा।
अगले दिन उसने राजा के कक्ष में झाड़ू लगाते हुआ जब राजा को अर्ध-निद्रा में देखा तो फिर बड़बड़ाने लगा "हे भगवान, हमारा राजा तो ऐसा मूर्ख है की वह गुसलखाने में खीरे खाता है"

यह सुनकर राजा क्रोध से भर उठा और बोला – मूर्ख सेवक, तुम्हारी ऐसी बोलने की हिम्मत कैसे हुई? तुम अगर मेरे कक्ष के सेवक न होते तो तुम्हें नौकरी से निकाल देता। सेवक ने दुबारा चरणों में गिर कर राजा से माफ़ी मांगी और दुबारा कभी न बड़बड़ाने की कसम खाई।

उधर राजा ने सोचा कि जब यह मेरे बारे में ऐसे गलत बोल सकता है तोह अवश्य ही इसने व्यापारी के बारे में भी गलत हो बोला होगा, जिसकी वजह से मैंने उसे बेकार में दंड दिया। अगले दिन ही राजा ने व्यापारी को महल में उसकी खोयी प्रतिष्ठा वापस दिला दी।

(i) व्यापारी कौन था ? उसे राज्य का प्रशासक क्यों बनाया गया ? [2]

(ii) व्यापारी ने भोज का आयोजन क्यों किया ? भोज की व्यवस्था में उसने क्या-क्या किया I [2]

(iii) राजा ने व्यापारी के महल में निरंकुश घूमने पर पाबंदी और उसके अधिकार कम क्यों कर दिए ? [2]

(iv) सेवक ने व्यापारी को उसका खोया हुआ सम्मान वापस क्यों दिलाया ? [2]

(v) इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instructions given :-
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i) ‘ पवित्र ’ शब्द का पर्यायवाची बताइए :- [1]
- (a) निर्मल , पावन
- (b) पुण्य अचल
- (c) अचल, पावन
- (d) निर्मल, अनिल

ii) ‘ बंधन ’ शब्द का विलोम बताइए :- [1]
- (a) आज़ाद
- (b) मोक्ष
- (c) निष्पक्ष
- (d) बँधी

iii) ‘ स्मिरती ’ शब्द का शुद्ध रूप बताइए :- [1]

(a) सिमरती
(b) स्मिति
(c) स्मृति
(d) स्मृती

iv) ‘ नाव ’ शब्द का विशेषण बताइए :- [1]

(a) नाविक
(b) नौका
(c) नौकाविहार
(d) नावीक

v) ‘ किस्मत खुलना ’ मुहावरे का अर्थ बताइए :- [1]

(a) किस्मत बदल जाना
(b) किस्मत पर चमकना
(c) उन्नति के दिन आना
(d) बहुत प्रयत्न करना

vi) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

भाई नौकर से काम करवा रहा है। ( लिंग बदलिए।)

(a) भाई नैकरानी से काम करवा रहा है।
(b) बहन नौकर से काम करवा रही है।
(c) बहन नौकरानी से काम करवाती है।
(d) बहन नौकरानी से काम करवा रही है।

vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

अतिथि भोजन कर चुके हैं। ( ‘ द्वारा ’ शब्द का प्रयोग कीजिए।)

(a) अतिथियों ने भोजन कर लिया।
(b) अतिथियों से भोजन किया जाता हैं।
(c) अतिथियों द्वारा भोजन किया जा चुका है।
(d) अतिथियों द्वारा भोजन किया गया।

viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

आजकल कोई भी चीज सस्ती नहीं है। (‘ नहीं ’ हटाइए परंतु अर्थ वाक्य का अर्थ न बदले।)

(a) आजकल कोई भी चीज सस्ती है।
(b) आजकल कोई भी चीज महंगी नहीं है।
(c) आजकल कोई भी चीज महँगा है।
(d) आजकल कोई भी चीज महंगी है।

## SECTION 'B' (40 Marks)

*Attempt **Four** questions from this Section.*

साहित्य सागर – संक्षिप्त कहानियाँ

### Question 5

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

दो-तीन घंटे आनन्दी ने बड़े कष्ट से काटे। किसी तरह भोजन का समय आया। पंचायत उठ गयी। एकान्त हुआ तो लालबिहारी ने कहा- 'भैया, आप ज़रा भाभी को समझा दीजिएगा कि मुँह सँभालकर बातचीत किया करें, नहीं तो एक दिन अनर्थ हो जाएगा।"

बेनीमाधव सिंह ने बेटे की ओर से साक्षी दी, "हाँ, बहू-बेटियों का यह स्वभाव अच्छा नहीं कि मर्दों के मुँह लगें।"

(i) आनंदी का स्वभाव कैसा था ? [2]

(ii) लालबिहारी ने श्रीकण्ठ सिंह से आनन्दी की क्या शिकायत की और क्यों ? [2]

(iii) बेनीमाधव सिंह ने किसका साथ दिया और क्यों? स्त्रियों के प्रति उनके क्या विचार थे? समझाकर लिखिए। [3]

(iv) कहानी के आधार पर बताइए कि आनंदी को 'बड़े घर की बेटी' क्यों कहा गया है ? [3]

### Question 6

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

लेंगे, नहीं तो नहीं।" सेठ विस्मित-विमूढ़ हो गए। उन्हें निश्चय हो गया कि इन लोगों को यज्ञ खरीदना नहीं है? इसलिए ऐसी बातें की जा रही हैं। "क्या सोचते हो सेठ? बोलो, राज़ी हो?" धन्ना सेठ की पत्नी ने पूछा। सेठ ने खिन्न होकर कहा, "सेठानी जी, हँसी छोड़िए! काम की बात कीजिए। बरसों से मैंने यज्ञ नहीं किया, आप आज की कहती हैं।"

(i) सेठ विस्मित-विमूढ़ क्यों हो गए ? [2]

(ii) सेठानी कौन है? उसके संबंध में क्या प्रचलित है ? [2]

(iii) सेठानी के आधार पर सेठ ने कौन-सा महायज्ञ किया था ? [3]

(iv) 'परोपकार तथा मानवता से बढ़कर कोई यज्ञ नहीं।' आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं? अपने विचार लिखिए । [3]

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
**निम्नलिखित** गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

अब हालदार साहब को बात कुछ-कुछ समझ में आयी। एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है। उसे नेता जी की बगैर चश्मेवाली मूर्ति बुरी लगती है, बल्कि आहत करती है, मानो चश्मे के बगैर नेता जी को असुविधा हो रही हो।

i) हालदार साहब किसके बारे में जानना चाहते हैं और क्यों ? [2]

ii) पानवाले ने उन्हें क्या उत्तर दिया जिससे कि बात उनकी समझ में कुछ-कुछ आ गयी? [2]

iii) कैप्टन कौन है? उसके विषय में एक अनुच्छेद लिखिए। [3]

vi) देशभक्ति किसी विशेष अवसर का इंतज़ार नहीं करती। इस संदर्भ में अपने विचार स्पष्ट कीजिए। [3]

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

मैया मेरी, चंद्र खिलौना लैहौं।।
धौरी को पय पान न करिहों, बेनी सिर न गुथैहौं।
मोतिन माल न धरिहौं उर पर, झुंगली कंठ न लैहौं ।।
जैहों लोट अबहि धरनी पर, तेरी गोद न ऐहौं।
लाल कहैहौं नंद बबा को, तेरो सुत न कहैहौं।।
कान लाय कछु कहत जसोदा, दाउहिं नाहिं सुनैहौं।
चंदा हूँ ते अति सुंदर तोहिं, नवल दुलहिया ब्यैहौं ।।

i) उपर्युक्त पंक्तियों में बालक कृष्ण किससे क्या किस बात को लेकर ज़िद कर रहे हैं और क्यों?[2]

ii) खिलौना नहीं मिलने की स्थिति में वह क्या-क्या नहीं करने की बात कह रहे हैं ? [2]

iii) माँ की बातों का श्रीकृष्ण पर क्या प्रभाव पड़ा? अन्तिम पंक्तियों का भाव स्पष्ट करते हुए लिखिए। [3]

iv) शब्दार्थ लिखिए -

i) चंद्र ii) धरनी iii) बेनी iv) धौरी v) दाउहिं vi) माल [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
**निम्नलिखित** पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की
'बरस बाद सुधि लीन्हीं'
बोली अकुलाई लता ओट हो किवार को,
हरसाया ताल लाया पानी परात भर के ।
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के ।

i) बूढ़े पीपल ने किसकी जुहार की और क्यों ? [2]

ii) 'लता' की तुलना कवि ने किससे एवं किस तरह से की है? स्पष्ट कीजिए।? [2]

iii) " हरसाया ताल, लाया पानी परात भर के " इस पंक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कवि क्या कहना चाहते हैं ? [3]

iv) प्रस्तुत कविता का केंदीय भाव लिखिए । [3]

**Question 10**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
**निम्नलिखित** पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

प्रभु के दिए हुए सुख इतने
हैं विकीर्ण धरती पर भोग सकें
जो उन्हें जगत में, कहाँ अभी इतने नर?
सब हो सकते तुष्ट,
एक सा सब सुख पा सकते हैं
चाहें तो पल में धरती को
स्वर्ग बना सकते हैं।

i) 'कहाँ अभी इतने नर' से कवि का क्या अभिप्राय है? ? [2]

ii) कवि के अनुसार हम इस धरती को स्वर्ग कैसे बना सकते हैं ? [2]

iii) आज के मनुष्य की किस दुष्प्रवृत्ति की ओर कवि ने क्या संकेत किया है? [3]

iv) कविता का मुख्य संदेश क्या है ? [3]